हर घर जल
जल जीवन मिशन

# कार्यालय अपर जिलाधिकारी

शासन की शीर्ष प्राथमिकता

**नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।**

**Email-admngsonbhadra@gmail.com**

पत्रांक– 26 / अ0जि0–नमामिगंगे / 2025–26 दिनांक–13/ 05 / 2025

## जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र की अध्यक्षता में दिनांक–07.05.2025 को आहूत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के बैठक की कार्यवृत्ति

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा संचालित भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार की शीर्ष प्राथमिकता की योजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र में 12 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य 05 कार्यदायी फर्मो द्वारा कराया जा रहा हैं। योजनायें अपने जीवनकाल तक समूचित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करायें तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही हो के दृष्टिगत गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक दिनांक–07.05.2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिओं द्वारा प्रतिभाग किया गया–

1. सुश्री नमिता शरण, जिला पंयायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
2. श्री अरूण सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
3. श्री शॉहनवाज, अधिशासी अभियन्ता (वि0 / यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
4. श्री ए0के0 सिंह, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, रॉबर्ट्सगंज।
5. श्री आर0के0 खरे, अधिशासी अभियन्ता, ओबरा बांध खण्ड, ओबरा।
6. श्री आर0एस0 जायसवाल, अधिशासी अभियन्ता, जल विद्युत निगम (यॉत्रिक), ओबरा, सोनभद्र।
7. श्री शत्रुध्न त्रिपाठी, डिप्टी डी0एफ0ओ0, सोनभद्र।
8. श्री अनिल कुमार, सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
9. श्री विवेक कुमार, सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
10. श्री राणा प्रताप सिंह, डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 (मेंधज), सोनभद्र।
11. श्री हिमान्शु कुमार, डिस्ट्रिक हेड, पी0एम0सी0, सोनभद्र।
12. परियोजना प्रबन्धक, समस्त कार्यदायी संस्थाऐं जनपद सोनभद्र।
13. प्रतिनिधि, समस्त आई0एस0ए0, सोनभद्र।

बैठक में पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अनुसार बिन्दुवार समीक्षा की गयी।

## ➢ पेयजल योजनाओं की भौतिक प्रगति के सम्बन्ध में

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद सोनभद्र के भूगर्भ जल में आयरन, फ्लोराइड इत्यादि अशुद्धिया होने के कारण सर्फेस सोंस पर आधारित 12 नग ग्राम समूह पेजयल योजनाओं का निर्माण कार्य 05 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराया जा रहा है। योजनाओं की भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का संक्षिप्त विवरण

| क्र. सं. | योजना का नाम | जल स्रोत | ग्राम | इंटेक वेल | | डब्ल्यू0टी0पी | | सी0डब्ल्यू0आर | | ओ0एच0टी0 | | पाइप लाइन | | गृह संयोजन | | भौतिक प्रगति | वित्तीय प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | (%) | (%) |
| 1 | बेलाही ग्रा.स.पे. यो. | धंधरौल बांध | 210 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 5 | 9 | 7 | 1057.00 | 1057.00 | 21651 | 21546 | 98.0 | 84.0 |
| 2 | नगवां ग्रा. स.पे.यो. | नगवां बांध | 44 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | 4 | 8 | 8 | 491.30 | 491.30 | 7268 | 7268 | 100.0 | 90.0 |
| 3 | तेन्दुआही ग्रा.स.पे. यो. | नगवां बांध | 80 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | 4 | 9 | 9 | 526.60 | 526.60 | 13066 | 13066 | 100.0 | |
| 4 | हर्रा ग्रा. स.पे.यो. | सोन नदी | 44 | 1 | 1 | 1 | 1 | 6 | 6 | 10 | 10 | 741.60 | 741.60 | 17669 | 17669 | 100.0 | 95.0 |
| 5 | कदरा ग्रा. स.पे.यो. | सोन नदी | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 | 2 | 94.56 | 87.40 | 1168 | 515 | 85.9 | |
| 6 | गुरमुरा ग्रा.स.पे. यो. पार्ट–1 | ओबरा बांध | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 | 3 | 5 | 5 | 610.00 | 610.00 | 6607 | 6607 | 100.0 | 86.0 |
| | गुरमुरा ग्रा.स.पे. | | 7 | | | | | 1 | 0 | 5 | 0 | - | - | 4281 | - | - | |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | यो. पार्ट–2 | | | | | | | | | | | | | | |
| 7 | पनारी ग्रा. स.पे.यो. पार्ट–1 | ओबरा बांध | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 3 | 3 | 306.00 | 306.00 | 6055 | 6055 | 100.0 | 86.0 |
| | पनारी ग्रा. स.पे.यो. पार्ट–2 | | 4 | | | | | 1 | 0 | 8 | 0 | - | - | 2447 | - | - | |
| 8 | अमावर ग्रा.स.पे. यो. पार्ट–1 | कनहर बांध | 32 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 | 3 | 7 | 7 | 616.20 | 616.00 | 17131 | 11231 | 89.0 | 78.0 |
| | अमावर ग्रा.स.पे. यो. पार्ट–2 | | 26 | | | | | - | - | - | - | - | - | 12322 | - | - | |
| 9 | परासी–बेलवध ग्रा.स.पे. यो. | रिहंद बांध | 35 | 1 | 1 | 1 | 1 | 9 | 9 | 15 | 15 | 736.64 | 737.00 | 19081 | 19081 | 98.0 | 89.0 |
| 10 | झीलो–बीजपुर ग्रा.स.पे. यो. | रिहंद बांध | 171 | 1 | 1 | 1 | 1 | 16 | 14 | 27 | 25 | 3902.00 | 3858.00 | 66179 | 59579 | 95.0 | 80.0 |
| 11 | पटवध ग्रा.स.पे. यो. | सोन नदी | 643 | 1 | 1 | 1 | 1 | 15 | 14 | 55 | 54 | 3519.00 | 3389.00 | 103838 | 93081 | 85.0 | 73.0 |
| 12 | केवथा ग्रा.स.पे. यो. | रेणु नदी | 12 | 1 | 1 | 1 | 1 | 7 | 7 | 12 | 12 | 592.41 | 592.41 | 9045 | 9045 | 100.0 | 95.0 |
| **Total -** | | | **1315** | **12** | **12** | **12** | **12** | **77** | **72** | **176** | **157** | **13193.31** | **13012.31** | **307808** | **264743** | **95.9** | **85.6** |

उपरोक्त प्रगति विवरण से स्पष्ट है कि योजना प्रारम्भ होने की तिथि से लगभग 05 वर्ष बितने के उपरान्त भी जनपद में प्रस्तावित योजनाओं को पूर्ण नहीं किया जा सका है। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। इस क्रम में झीलो–बीजपुर एवं पटवध ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति अपेक्षित प्रगति से कम है, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

1. **झीलो–बीजपुर ग्राम समूह पेयजल योजना**– योजना का निर्माण कार्य मेसर्स जी0वी0पी0आर0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत है। योजनान्तर्गत नवीन स्वीकृति प्राप्त 03 नग सी0डब्ल्यू0आर0 के सापेक्ष 01 नग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 02 नग का कार्य माह मई 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। योजनान्तर्गत नवीन स्वीकृति प्राप्त 03 नग ओ0एच0टी0 के सापेक्ष 01 नग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 02 नग का कार्य 15 जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। योजनान्तर्गत अवशेष 44 किमी0 वितरण पाइप लाइन एवं 6600 गृह संयोजन का कार्य माह जून 2025 तक पूर्ण कराते हुये ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।
2. **पटवध ग्राम समूह पेयजल योजना**– योजना का निर्माण कार्य मेसर्स एन0सी0सी0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना की भौतिक प्रगति 85 प्रतिशत है। योजनान्तर्गत शेष 01 नग सी0डब्ल्यू0आर0 एवं 01 नग ओ0एच0टी0 का निर्माण कार्य माह जून 2025 तक पूर्ण लिया जायेगा। योजनान्तर्गत अवशेष 130 किमी0 पाइप लाइन बिछान एवं 10757 नग गृह संयोजन का कार्य माह जूलाई 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। पूर्ण हो चुकी संरचनाओं एवं पाइप लाइन की टेस्टिंग/कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है।

**कार्यवाही (कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)।**

## ➢ पेयजल योजनाओं से ग्रामों की जा रही जलापूर्ति के सम्बन्ध में।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत संरचनाओं एवं पाइप लाइन की कमिशनिंग करते हुये आच्छादित ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

**Sonbhadra District Commissioning Plan of JJM Schemes**

| S.N. | Name of Scheme | Name of Contractor | No of CWR Cluster | | | No of OHT Zone | | | No of Village Commissioned/Planned | | Har Ghar Jal village | Regular water supply in villages |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Target | Achieved | Balance | Target | Achieved | Balance | Target | Till date | Till date | Till date |
| 1 | Belahi | VPRPL | 5 | 5 | 0 | 9 | 7 | 2 | 210 | 195 | 149 | 131 |
| 2 | Nagwa | | 4 | 4 | 0 | 8 | 8 | 0 | 44 | 44 | 33 | 27 |
| 3 | Tenduahi | | 4 | 4 | 0 | 9 | 9 | 0 | 80 | 80 | 69 | 61 |
| 4 | Harra | | 6 | 6 | 0 | 10 | 10 | 0 | 44 | 44 | 43 | 36 |
| 5 | Kadra | | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 3 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Gurmura | L&T | 3 | 3 | 0 | 5 | 5 | 0 | 8 | 2 | 0 | 1 |
| 7 | Panari | | 2 | 2 | 0 | 3 | 3 | 0 | 6 | 2 | 0 | 2 |
| 8 | Amawar | | 3 | 0 | 3 | 7 | 0 | 7 | 58 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Parasi | | 9 | 9 | 0 | 15 | 15 | 0 | 35 | 35 | 23 | 34 |
| 10 | Jhilo | GVPR | 16 | 14 | 2 | 27 | 24 | 3 | 171 | 145 | 64 | 90 |
| 11 | Patwadh | NCC | 15 | 10 | 5 | 55 | 20 | 35 | 643 | 46 | 11 | 16 |
| 12 | Kewtha | Jain const. | 7 | 7 | 0 | 12 | 12 | 0 | 12 | 12 | 11 | 12 |
| **Grand Total-** | | | **75** | **64** | **11** | **163** | **113** | **50** | **1315** | **605** | **403** | **410** |

उपरोक्त जलापूर्ति के विवरण से स्पष्ट है कि कुल निर्माणाधीन 12 नग पेयजल योजनाओं में से 10 नग योजनाओं के 410 ग्रामों में फर्म द्वारा नियमित जलापूर्ति की जा रही है। उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद में टैंकर संचालित ग्रामों का विश्लेषण किया गया, पाया गया कि नियमित जलापूर्ति किये जा रहे कुछ ग्रामों में टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

1. **नगवां–तेन्दुवाही ग्राम समूह पेयजल योजना–** परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत आच्छादित कुल 124 ग्रामों के सापेक्ष 88 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। नियमित जलापूर्ति किये जा रहे ग्रामों में से 14 ग्रामों में टोले/मजरे के कुछ घरों में जलापूर्ति न हो पाने, पाइप लाइन चोक होने एवं अनियमित जलापूर्ति होने के कारण टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इस क्रम में परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराते हुये पेयजल योजना के माध्यम से ग्रामों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।
2. **हर्रा ग्राम समूह पेयजल योजना–** परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत आच्छादित कुल 44 ग्रामों के सापेक्ष 36 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। नियमित जलापूर्ति किये जा रहे ग्रामों में से 08 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नही होने एवं सोन नदी का जल स्तर कम होने के कारण टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। तत्क्रम में निर्देशित किया गया कि जल विद्युत निगम ओबरा से समन्वय स्थापित कर हर्रा, पटवध योजनाओ के इंटेकवेल पर आवश्यक जल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए बाड़सागर बांध से जल की आवश्यक मात्रा अवमुक्त करने हेतु पत्र प्रेषित करते हुए उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराकर पेयजल योजना के माध्यम से ग्रामों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।
3. **परासी–बेलवादह ग्राम समूह पेयजल योजना–** परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत आच्छादित कुल 35 (29 राजस्व ग्राम एवं 06 शहरी कस्बे) ग्रामों के सापेक्ष 34 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। नियमित जलापूर्ति किये जा रहे ग्रामों में से 03 ग्रामों में अनियमित जलापूर्ति होने के कारण टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इस क्रम में परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराते हुये पेयजल योजना के माध्यम से ग्रामों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।
4. **झीलो–बीजपुर ग्राम समूह पेयजल योजना–** परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत आच्छादित कुल 171 ग्रामों के सापेक्ष 90 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। टेस्टिंग किये जा रहे ग्रामों में से 6 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नही होने के कारण एवं पाइप लाइन लिकेज होने के कारण टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इस क्रम में परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराते हुये पेयजल योजना के माध्यम से ग्रामों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।
5. **पटवध ग्राम समूह पेयजल योजना–** परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत आच्छादित कुल 643 ग्रामों के सापेक्ष 16 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में जलापूर्ति किये जाने के

दृष्टिगत ओ0एच0टी0 एवं पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। इस क्रम में परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि टेस्टिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुये पेयजल योजना के माध्यम से ग्रामों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही (कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)।**

➢ **योजनाओं पर अवशेष स्वतन्त्र फिडर से विद्युत संयोजन हेतु वन विभाग से वांछित अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबन्ध में।**

अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र द्वार अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत डेडिकेटेड फिडर का कार्य शेष होने के कारण नियमित जलापूर्ति बाधित हो रही है। अवशेष डेडिकेटेड फिडर एवं उनके कार्य में आ रही बाधाओं का विवरण निम्नानुसार है–

| Power connection Status | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Name of Agency | No. of scheme | Total No. of Power connection applied to UPPCL | No. of Power connection WIP | No. of Power connection not started | No. of Power connection completed | Remark |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | M/s VPRPL | 5 | 25 | 0 | 0 | 25 | बेलाही ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत ओलगाई पम्प हाउस पर डेडीकेटेड फीडर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा लाइन चार्जिंग के दृष्टिगत पेट्रोलिंग का कार्य प्रक्रियाधीन है। |
| 2 | M/s L&T | 4 | 22 | 0 | 0 | 22 | पनारी योजनान्तर्गत बैरपुर पम्प हाउस पर डेडीकेटेड फीडर का कार्य कराया जाने हेतु वन विभाग, ओबरा से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| 3 | M/s GVPR | 1 | 14 | 0 | 0 | 14 | झीलो–बीजपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत मनबसा पम्प हाउस पर डेडीकेटेड फीडर का कार्य पूर्ण किये जाने के दृष्टिगत रेलवे से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| 4 | M/s NCC | 1 | 16 | 4 | 0 | 11 | पटवध योजनान्तर्गत पम्प हाउस 6,7 एवं 8 पर डेडीकेटेड फीडर हेतु पोल एवं केबल लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अण्डरग्राउण्ड केबल क्रासिंग हेतु रेलवे प्रयागराज से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।<br>योजनान्तर्गत खूटहा पम्प हाउस पर डेडीकेटेड फीडर का कार्य किए जाने हेतु पोल लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। केबल लगाने मे पेड़ की टहनियो की छटाई हेतु कैमूर वन्य जीव प्रभाग मीरजापुर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।<br>लोढ़ी पम्प हाउस पर डेडीकेटेड फीडर का कार्य किए जाने हेतु कैमूर वन्य जीव प्रभाग मीरजापुर से अनापत्ति प्रमाण पत्र अपेक्षित है।<br>मगाइच पम्प हाउस पर डेडीकेटेड फीडर हेतु डाले गये अण्डरग्राउण्ड केबल को पी0डब्ल्यू0डी0 द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। पी0डब्ल्यू0डी0 द्वारा केबल उपलब्ध कराने के पश्चात कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। |
| 5 | M/s Jain | 1 | 8 | 0 | 0 | 8 | केवथा योजनान्तर्गत इंटेक एवं डब्ल्यू0टी0पी0 को छोडकर शेष 06 स्थानो पर डेडीकेटेड फीडर का कार्य कराया जाने हेतु वन विभाग, ओबरा से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| Total | | 12 | 85 | 4 | 0 | 80 | |

उपरोक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0ख0, राबर्ट्सगंज/पिपरी एवं अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), को निम्न निर्देश दिये गये–

1. पनारी एवं केवथा योजनान्तर्गत डेडिकेटेड फिडर के कार्य में प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा से अपेक्षित अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबन्ध में समन्वय स्थापित कर शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।
2. पटवध ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत डेडिकेटेड फिडर के कार्य में कैमूर वन्य जीव प्रभाग मीरजापुर से अपेक्षित अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबन्ध में समन्वय स्थापित कर शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।
3. पटवध योजनान्तर्गत सी0डब्ल्यू0आर0 6, 7 एवं 8 पर डेडिकेटेड फिडर के कार्य के दृष्टिगत रेलवे के क्षेत्रांतर्गत केबल क्रासिंग हेतु डी0आर0एम0, प्रयागराज कार्यालय से शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के दृष्टिगत पत्रावली जिलाधिकारी महोदय की तरफ से मण्डलायुक्त महोदय को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
4. झीलो–बीजपुर योजनान्तर्गत सी0डब्ल्यू0आर0 8 पर डेडीकेटेड फिडर के कार्य के दृष्टिगत रेलवे के क्षेत्रांतर्गत केबल क्रासिंग हेतु डी0आर0एम0, धनबाद कार्यालय से शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के दृष्टिगत पत्रावली जिलाधिकारी महोदय की तरफ से मण्डलायुक्त महोदय को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही ( कार्यदायी संस्था/ पी0एम0सी0/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ), जल निगम (ग्रामीण)/अधिशासी अभियन्ता वि0वि0ख0 राबर्ट्सगंज/पिपरी)।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद सोनभद्र में कैमुर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लम्बित नही है।

**प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मीरजापुर–**

**कदरा योजना–** कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत संरचनायें व पाइप लाइन वन्य जीव प्रभाग के अन्तर्गत आति है। इस क्रम में अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 03.01.2024 को स्टेज–1 की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा स्टेज–2 की स्वीकृति हेतु वार्षिक लीज रेन्ट एवं प्रिमियम की धनराशि जमा करने के संबन्ध में दिनांक 21.01.2025 को उ0प्र0 शासन द्वारा छुट प्रदान की जा चुकी है। साथ ही क्षतिपुरक वनीकरण हेतु भूमि वन विभाग को हस्तांतरित कर दी गयी है। इस क्रम में डी0एफ0ओ0 कैमूर से कार्य प्रारम्भ करने हेतु वर्किंग परमिशन की मांग दिनांक 27.02.2025 को की गयी है। जो कि वर्तमान दिनांक तक अप्राप्त है। वर्किग परिमिशन मिलने के उपरान्त योजनान्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे।

**कार्यवाही (कार्यदायी संस्था/ पी0एम0सी0/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)।**

➢ **इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई०एस०ए०) द्वारा कराये गये कार्यो की प्रगति एवं बीजकों के भुगतान के सम्बन्ध में।**

योजनाएं अपने जीवनकाल तक समुचित मात्रा में जलापूर्ति किये जाने एवं जनमानस में जल की गुणवत्ता, जनित बीमारियों तथा जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर जागरूक किये जाने हेतु जनपद में चयनित इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) द्वारा कराये गये कार्यो की स्थिति निम्नानुसार है–

**Status of ISA Activitivities (Phase-1) Sonbhadra**

| SL No. | Agency Name | Total Number of GPs Allocated To The ISA Agency | Total Number of RVs Allocated To The ISA Agency | Total No. of Households In The Allocated GPs To The ISA Agency | Target of Gram Sabha Meeting | Total no. of Gram Sabha Meeting held | Target of VWSC Orientation | Total no. of VWSC Orientation held | Target of PRA Exercise | Total no. of PRA Exercise held | Target of VWSC Meeting | Total no. of VWSC Meeting held | Target of Large community meeting | Total no.of Large community meeting held | Target of IPC | Total IPC held | Target of Women meeting | Total no. of Women meeting held | Target of Combined meeting | Total no. of Combined meeting held | Target of Prabhat Pheri | Total no. of Prabhat Pheri held |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 1 | Mahak Social | 120 | 328 | 45334 | 240 | 240 | 120 | 120 | 328 | 328 | 240 | 240 | 120 | 120 | 720 | 720 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 |
| 2 | Kanchan Jan | 120 | 295 | 35060 | 240 | 240 | 120 | 120 | 295 | 295 | 240 | 240 | 120 | 120 | 720 | 720 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 |
| 3 | Yuvak Vikas | 149 | 373 | 80227 | 298 | 298 | 149 | 149 | 373 | 373 | 298 | 298 | 149 | 149 | 894 | 894 | 447 | 447 | 447 | 447 | 447 | 447 |
| 4 | Baba Sri Gurubachan Educati | 120 | 203 | 105500 | 240 | 240 | 120 | 120 | 203 | 203 | 240 | 240 | 120 | 120 | 720 | 720 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 |
| 5 | Samaj Kalyan Gramodyog | 120 | 191 | 47319 | 240 | 240 | 120 | 120 | 191 | 191 | 240 | 240 | 120 | 120 | 720 | 720 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 |

**Status of ISA Activitivities (Phase-2) Sonbhadra**

| SL No. | Agency Name | Total Number of GPs Allocated To The ISA Agency | Total Number of RVs Allocated To The ISA Agency | Total No of Households In The Allocated GPs To The ISA Agency | Target of Gram Sabha Meeting | Total no. of Gram Sabha Meeting held | Target of Financial Management Training | Total no. of Financial Management Training held | Target of VWSC Meeting | Total no. of VWSC Meeting held | Target of Large community meeting | Total no.of Large community meeting held | Target of IPC | Total no. of IPC held | Target of Women meeting | Total no. of Women meeting held | Target of Combined meeting | Total no. of Combined meeting held | Target of Prabhat Pheri | Total no. of Prabhat Pheri held |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 1 | Mahak Social Welfare Society | 120 | 328 | 45334 | 120 | 120 | 120 | 120 | 720 | 720 | 120 | 120 | 1440 | 1440 | 720 | 720 | 720 | 720 | 720 | 720 |
| 2 | Kanchan Jan Kalyan Samiti | 120 | 295 | 35060 | 120 | 120 | 120 | 120 | 720 | 720 | 120 | 120 | 1440 | 1440 | 720 | 720 | 720 | 720 | 720 | 720 |
| 3 | Yuvak Vikas Samiti | 149 | 373 | 80227 | 149 | 149 | 149 | 149 | 894 | 894 | 149 | 149 | 1788 | 1788 | 894 | 894 | 894 | 894 | 894 | 894 |
| 4 | Baba Sri Gurubachan Educational Social Welfare Society | 120 | 203 | 105500 | 120 | 120 | 120 | 120 | 720 | 720 | 120 | 120 | 1440 | 1440 | 720 | 720 | 720 | 720 | 720 | 720 |
| 5 | Samaj Kalyan Gramodyog Sansthan | 120 | 191 | 47319 | 120 | 120 | 120 | 120 | 720 | 720 | 120 | 120 | 1440 | 1440 | 720 | 720 | 720 | 720 | 720 | 720 |

Status of ISA Activitivities (Phase-3) Sonbhadra

| S.n. | Agency Name | Total Number of GPs Allocated To The ISA Agency | Total Number of RVs Allocated To The ISA Agency | Total No. of Households In The Allocated GPs To The ISA Agency | Target of VWSC Meeting | Total no. of VWSC Meeting held | Target of Large community meeting | Total no.of Large community meeting held | Target of IPC | Total no. of IPCheld | Target of Women meeting | Total no. of Women meeting held | Target of Combined meeting | Total no. of Combined meeting held | Target of Prabhat Pheri | Total no. of Prabhat Pheri held | Target of Milcing 2 days | Target of Miking 2 days held | Target of Social Audit | Target of Social Audit held | Target of Sucsess Story | Total no. of Sucsess Story held |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| | Mahak Social Welfare Society | 120 | 328 | 45334 | 360 | 360 | 120 | 120 | 720 | 720 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 74 |
| | Kanchan Jan Kalyan Samiti | 120 | 295 | 35060 | 360 | 360 | 120 | 120 | 720 | 720 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 120 | 0 | 120 | 0 | 120 | 0 |
| | Yuvak Vikas Samiti | 149 | 373 | 80227 | 447 | 447 | 149 | 149 | 894 | 894 | 447 | 447 | 447 | 447 | 447 | 447 | 149 | 0 | 149 | 0 | 149 | 0 |
| | Baba Sri Gurubachan Educational Social Welfare | 120 | 203 | 105500 | 360 | 360 | 120 | 120 | 720 | 720 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 120 | 0 | 120 | 0 | 120 | 0 |
| | Samaj Kalyan Gramodyog Sansthan | 120 | 191 | 47319 | 360 | 360 | 120 | 120 | 720 | 720 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 360 | 120 | 0 | 120 | 0 | 120 | 0 |

**निर्देश–**

1. समस्त आई0एस0ए0 संस्थाए अपने अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायतो में जल जीवन मिशन के मूल उद्देश्यो से ग्रामीण जनमानस को जागरूक करें।
2. आई0एस0ए0 संस्थाए ग्राम पंचायतो में क्रियाशिल नल कनेक्शन की गुणवत्ता पूर्वक कार्यो के लिए कान्ट्रैक्टर फर्म एवं ग्रामीण जनमानस के बीच समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीणो को नल से पेयजल प्रयोग करने हेतु प्रेरित करना सुनिश्चित करें।
3. आई0एस0ए0 संस्थाओ द्वारा व्यक्तिगत सम्पर्क कर यह सुनिश्चित किया जाये की किसी भी राजस्व ग्राम में पेयजल कनेक्शन हेतु कोई घर न छुटे, यदि कोई व्यक्ति पेयजल कनेक्शन हेतु इच्छुक न हो तो उसका ग्रामवार विवरण उपलब्ध कराये।
4. आई0एस0ए0 संस्थाए ऑपरेशन एवं मेन्टनेन्स के सम्बन्ध में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति को रिकार्ड किपिंग तथा पारदर्शितापूर्ण वित्तिय लेनदेन के रिकार्ड रखने का प्रशिक्षण देते हुए ग्रामीणो को शासन द्वारा निर्दिष्ट मासिक भुगतान देने हेतु प्रेरित करना सुनिश्चित करे।
5. आई0एस0ए0 संस्थाओ द्वारा कराये जा रहे कार्यो का सक्षम स्तर से स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही (आई0एस0ए0 संस्था / पी0एम0सी0 / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)।**

उक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति / जिलधिकारी महोदय द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन योजनाओं के सुचारू संचालन के दृष्टिगत सम्बन्धित को निम्नलिखित निर्देश दिए गये–

**समस्त परियोजना प्रबन्धक–**

1. ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत योजनान्तर्गत ग्रामों में नियमित जलापूर्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. योजनान्तर्गत जिन ग्रामों में टैंकर संचालित हो रहे है, उन ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर पाइप पेयजल योजना से जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
3. योजनान्तर्गत शेष बचे हुए कार्यो में आवश्यक मात्रा में मैन पावर एवं मशीनरी लगाते हुए कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
4. पटवध ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत पूर्ण हो चुकी ओ0एच0टी0 एवं पाइप लाइन की टेस्टिंग करते हुये ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।
5. योजनान्तर्गत समस्त ग्रामो के प्रत्येक घर को गृह संयोजन से आच्छादित करते हुए नियमित जलापूर्ति कर हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।
6. योजनान्तर्गत समस्त स्कूल, आंगनबाडी, स्वास्थ्य केन्द्र एवं अन्य सार्वजनिक स्थलो पर स्टैण्ड पोस्ट लगाते हुए नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

7. पाईप लाईन बिछाते समय क्षतिग्रस्त किये गये मार्गो को यथाशीघ्र पूर्व की स्थिति में लाया जाए।

**आई0एस0ए0 संस्था–**

1. आवंटित कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन/शासन द्वारा दिये गये निर्देशो के अधीन गुणवत्तापूर्वक कार्य करना सुनिश्चित करें।
2. आवंटित कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो का सत्यापन कार्य के दौरान सम्बन्धित अधिकारियो से कराना सुनिश्चित करें।
3. आवंटित कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत प्रत्येक जनमानस को योजना के महत्व, जल के सही उपयोग एवं दूषित जल से होने वाली बीमारियो के सम्बन्ध में जागरूक करना सुनिश्चित करें।

विद्युत विभाग–

1. अधिशासी अभियन्ता वि0वि0ख0, राबर्ट्सगंज/पिपरी को पेयजल योजनाओ में विद्युत से सम्बन्धित समस्याओ का प्राथमिकता पर निराकरण कराते हुए निर्बाध 16 घण्टे विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. डेडिकेटेड फिडर के दृष्टिगत आ रही समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

सिंचाई विभाग–

1. जनपद में सतही स्रोत आधारित निर्माणाधीन/निर्मित पेयजल परियोजनाओं के स्रोत में नियमित रूप से जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सिंचाई विभाग के संबन्धित अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया।
2. सोन नदी पर निर्मित पेयजल योजनाओं के इंटेकवेल पर जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु जल विद्युत उत्पादन निगम, ओबरा के अधिशासी अभियन्ता तथा कार्यपालन यंत्री बाण सागर, जल संशाधन विभाग, सहडोल, (म0प्र0) से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

जल निगम–

1. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल जीवन मिशन के दिशा निर्देशो के अनुरूप कान्ट्रैक्टर फर्म एवं आई0एस0ए0 संस्था द्वारा कराये जा रहे कार्यो की मानिटरिंग एवं सत्यापन कराया जाये।
2. जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के सुचारू संचालन के लिये विद्युत विभाग से स्वतंत्र फिडरो को रोस्टर फ्री कराने के लिये अधिशासी अभियन्ता, (वि0/यॉ0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

**बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।**

(रोहित यादव)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
सोनभद्र।

13.05.25

**पत्रांक व दिनांक– उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मण्डलायुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
4. जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र।
5. मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र।
6. जिला विकास अधिकारी, सोनभद्र।
7. जिला मुख्य चिकित्साधिकारी, सोनभद्र।
8. उपायुक्त स्वतः रोजगार एन0आर0एल0एम0, सोनभद्र।
9. जिला पंयायतराज अधिकारी, सोनभद्र।
10. बेसिक शिक्षा अधिकारी, सोनभद्र।
11. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग समस्त खण्ड, सोनभद्र।
12. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
13. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
14. अधिशासी अभियन्ता, ओबरा बांध खण्ड, ओबरा, सोनभद्र।
15. अधिशासी अभियन्ता, जल विद्युत निगम (यॉत्रिक), ओबरा, सोनभद्र।
16. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, पिपरी।

17.अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, रॉबर्ट्सगंज।
18.अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, समस्त खण्ड, सोनभद्र।
19.अधिशासी अभियन्ता, कनहर निर्माण खण्ड–3 पिपरी, सोनभद्र।
20.डॉ0 सुभाप्रेम (सामुदायिक स्वास्थ्य क्षेत्र)।
21.श्री ओम प्रकाश त्रिपाठी (सामुदायिक विकास)
22.श्री राजेन्द्र सिंह (जल प्रबन्धन क्षेत्र)
23.समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सोनभद्र।
24.जिला कृषि अधिकारी, सोनभद्र।
25.प्रबन्धक अग्रणी बैंक, सोनभद्र
26.पी0एम0सी0 / टी0पी0आई0 सोनभद्र।
27.परियोजना प्रबन्धक, समस्त कार्यदायी संस्थाऐं जनपद सोनभद्र।
28.समस्त आई0एस0ए0 सोनभद्र।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
सोनभद्र।
13.05.25